प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने झारखंड सरकार पर लगाया आरोप, कहा – आदिवासियों की सुरक्षा के लिए सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए।
- राज्यपाल संतोष गंगवार ने नेतरहाट विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा और अनुशासित वातावरण की सराहना की
- पश्चिमी सिंहभूम में नशा मुक्ति अभियान के समर्थन में खिलाड़ी हुए एकजुट, खेल विभाग प्रखंड और जिला स्तर पर चला रहा जागरूकता अभियान।
- मौसम विभाग ने राज्य में कल से हल्की से मध्यम बारिश का जताया पूर्वानुमान, दक्षिण और पश्चिम हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी।
- सरायकेला खरसावां में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर रन फोर ओलंपिक का हुआ आयोजन, 29 जून तक विभिन्न प्रखंडों में खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित।

*******************

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज जमशेदपुर पहुंचे, जहां वे एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आदिवासियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और वोट बैंक की राजनीति से दूर रहने की अपील की।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों और संसाधनों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा और अनुशासित वातावरण की सराहना की। राज्यपाल ने नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कल साहिबगंज स्थित वीर शहीद सिदो कान्हु की जन्मस्थली भोगनाडीह पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद परिवार के वंशजों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त से वार्ता की। साथ ही बरहेट प्रखंड में जन चौपाल के माध्यम से उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री दास ने कहा कि कांग्रेस संविधान की किताब दिखाकर देश और जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य में सरकार होने के बावजूद कांग्रेस 2013 से पेसा कानून और सरना धर्म कोड लागू नहीं कर सकी।

*******************

गुमला जिले में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर वीर शहीद हवलदार बिरसा उरांव की पत्नी मीला उरांव को सेना की ओर से सम्मानित किया गया। कारगिल बटालियन की ओर से आए प्रतिनिधि ने उन्हें मोमेंटो और डीओ लेटर देकर आभार व्यक्त किया। मीला उरांव ने सेना के इस सम्मान को गौरवपूर्ण बताया।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नशा मुक्ति अभियान के समर्थन में खिलाड़ी भी एकजुट हो रहे हैं। इस के तहत जिला खेल विभाग प्रखंड और जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने बताया कि सभी खेल प्रशिक्षण केंद्रों में खिलाड़ियों को नशा से दूर रहने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है।

*******************

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव के बीच आज सुबह भारतीय सूचकांक लाल निशान में खुले। सेंसेक्स शून्य दशमलव 8–1 प्रतिशत गिरकर 81 हजार 744 पर कारोबार कर रहा था। जबकि, निफ्टी शून्य दशमलव 7–9 प्रतिशत गिरकर 24 हजार 914 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में एशिया प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजारों में भी गिरावट दर्ज की गई।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

आज राष्ट्र डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया।

इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति उनके संघर्ष और समर्पण को नमन किया।

*******************

रामगढ़ और रांची के सीमावर्ती पंडाडीह गांव को लेखक और फिल्मकार शुभाशीष चक्रवर्ती ने छऊ नृत्य के ज़रिए सांस्कृतिक और सामाजिक बदलाव का केंद्र बनाया है। श्री चक्रवर्ती ने बताया कि छऊ नृत्य को सामाजिक जागरूकता और ग्रामीण सशक्तिकरण के एक प्रभावी माध्यम में बदलते हुए उन्होंने बच्चों को स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ, कोरोना जागरूकता और मतदाता जागरूकता जैसे अभियानों से जोड़ा।

*******************

सिमडेगा जिले में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 11 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है।

********************

मौसम विभाग ने कल से राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही दक्षिण और पश्चिम झारखंड में भारी बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आज रांची सहित कई जिलों में मौसम साफ रहा और सबसे अधिक बारिश दुमका में 37 दशमलव 2 मिलीमीटर दर्ज की गई।

********************

आज अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस है। इसके तहत आज सरायकेला इंडोर स्टेडियम से बिरसा मुंडा स्टेडियम तक रन फोर ओलंपिक का आयोजन किया गया, जिसमें कई खिलाड़ी और स्कूली छात्र शामिल हुए। मौके पर ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव सिकंदर महतो ने झंडा दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। गौरतलब है कि 29 जून तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

********************